4	संस्थागत प्रसव में सहयोग	उसके क्षेत्र में उन गर्भवती महिलाओं की कुल संख्या के बारे में पूछें जिनके प्रसव की संभावित तिथि (ईडीडी) अगले महीने में है। आशा को केवल तभी सक्रिय दर्ज किया जाएगा जब उसने, उन सभी महिलाओं के लिए प्रसव की योजना बनाई है- (अगले महीने शिशु को जन्म देने वाली)। उसे निष्क्रिय (नॉन फन्कशनल) के रूप में दर्ज किया जाएगा यदि वह किसी एक भी महिला की प्रसव की योजना बनाने में विफल रही हो। उदाहरण के लिए- यदि ऐसी चार गर्भवती महिलाएं हैं जिनके प्रसव की संभावित तिथि अगले महीने में है और आशा ने उनमें से तीन के प्रसव की योजना तैयार की है। इस मामले में आशा को निष्क्रिय (नॉन फन्कशनल) माना जाएगा क्योंकि उसने उन सभी महिलाओं के लिए प्रसव की योजना नहीं तैयार की है, और आपको संबंधित खाने में (0) लिखना चाहिए।
5	बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों, खासकर दस्त और न्यूमोनिया का प्रबंधन	आशा से उसकी दवा-किट में दवाओं की स्थिति के बारे में पूछें। आपको, उसके क्षेत्र में पिछले महीने के दौरान 5 वर्ष से कम आयु वाले बीमार बच्चों की संख्या के बारे पूछना चाहिए। आशा को सक्रिय (1) लिखा जाएगा, यदि इसमें से कम से कम 50 प्रतिशत या अधिक परिवारों ने अपने बच्चों की देखभाल या उपचार के लिए आशा की सलाह मांगी है। यदि 50 प्रतिशत से कम परिवारों ने उसकी सलाह मांगी है तो आप संबंधित खाने में (0) लिखेंगे।
6	घरों के दौरे के साथ पोषण संबंधी परामर्श	घरों का दौरा करने और पोषण संबंधी परामर्श देने के लिए आशा को निम्नलिखित घरों का नियमित दौरा करना चाहिए- क) कमजोर एवं वंचित वर्गों के घरों (कमजोर आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति वाले परिवार, जैसे- ऐसे परिवार जिनमें महिला मुखिया है, गरीब परिवार या ऐसे परिवार जो जातिगत या धार्मिक आधार पर भेदभाव का सामना कर रहे हैं।) ख) ऐसे घर जिनमें 2 वर्ष तक की आयु के बच्चे हों। ग) ऐसे घर जिनमें बच्चों (5 वर्ष तक की आयु के) में सामान्य स्तर का या गंभीर कुपोषण है। आशा से पूछें कि क्या उसे अपने क्षेत्र के ऐसे परिवारों की संख्या के बारे में पता है। और तब उससे पूछें कि पिछले 1 माह के दौरान कम से कम एक बार क्या वह उन सबके पास गई है, और उनको पोषण संबंधी परामर्श दिया है अथवा नहीं। यदि वह ऐसे सभी परिवारों की संख्या बता देती है और कहती है कि पिछले एक महीने में उसने ऐसे सभी परिवारों के पास कम से कम एक दौरा किया है और पोषण के बारे में परामर्श दिया है, तब आपको उसे सक्रिय (संबंधित कॉलम में 1) लिखना चाहिए। यदि वह ऐसे सभी घरों का दौरा नहीं कर पाई है तो खाने में (0) लिखें।
7	मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/ बनाई गई मलेरिया स्लाइड	यदि आपका कार्यक्षेत्र मलेरिया प्रभावित क्षेत्र है, तो आशा से पिछले एक महीने के दौरान बुखार के अंतिम तीन मामलों के बारे में पूछें। उसके द्वारा ऐसे 50% या अधिक मामलों में मलेरिया के स्लाइड बनाए गए हों/या आरडीके से जांच की गई हो और/या मलेरिया रोधी दवा दी गई हो तो उसे सक्रिय समझना चाहिए और उस खाने में (1) लिखें। यदि इस बारे में कार्यनिष्पादन 50% से कम है तो (0) लिखें।
8	डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा	यदि आशा वर्तमान में अपने क्षेत्र के सबसे हाल में पता लगे टी.बी. के मरीज के लिए डॉट्स कार्यकर्ता की भूमिका निभा रही हो, तो उसके सामने के खाने में (1) लिखें, अन्यथा (0) लिखें।

9	ग्राम / वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना	यदि पिछले 1 महीने में आशा ने कम से कम 1 ग्राम/वीएचएसएनसी बैठक आयोजित की है या इसमें भाग लिया है तो उसे इस कार्य में सक्रिय माना जाना चाहिए और आप उसके खाने में (1) लिखें।
10	आईयूडी,महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी के रूल रेफरल के मामले और या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/ कंडोम उपलब्ध कराना	आशा से उसके क्षेत्र में परिवार नियोजन के लिए पात्र दंपतियों की संख्या के बारे में पूछें। आशा को पिछले 1 महीने में 1 या अधिक आईयूडी/महिला नसबंदी/पुरुष नसबंदी के मामले को रेफर करने में सफल रही है और/या पिछले एक माह में दंपतियों को खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/कंडोम (सीसी) उपलब्ध कराया है। रेफरल को तब सफल माना जाएगा जब आशा के परामर्श पर उन लोगों ने परिवार नियोजन के उपाय अपनाए हैं। सफल रेफरल और/या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/कंडोम उपलब्ध कराने पर संबंधित खाने में (1) लिखें।
11	**ऐसे कार्यों की कुल संख्या जिनमें आशा ने सक्रिय होना बताया**	प्रत्येक आशा (कॉलम) के लिए उपर्युक्त 1–10 पंक्तियों की कुल संख्या,
12	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।**	उन आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जिन्होंने उपर्युक्त 11वीं पंक्ति में 6 या अधिक अंक प्राप्त किए। **इस बात का ध्यान रखना अत्यंत जरूरी है कि पिछले महीने में किसी आशा के मामले में यदि आशा के किसी भी कार्य संबंधी सेवाओं का कोई संभावित लाभार्थी नहीं रहा है, तो उसे उस कार्य के लिए निष्क्रिय (नॉन-स्क्शनल) नहीं लिखा जाना चाहिए। ऐसे मामलों में उस महीने के लिए आपको उसकी सक्रियता के निर्णय के लिए मूल्यांकन किए जाने वाले कार्यों की कुल संख्या घटा देनी चाहिए।** उदाहरण के लिए – यदि किसी आशा के कार्यक्षेत्र में कोई भी टीबी का मरीज नहीं है, और वह मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में भी नहीं रहती है, तो उसके द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों की अपेक्षित संख्या 10 से घटकर 8 हो जाती है। यदि वह 8 में से 5 (5/8) कार्यों में सक्रिय है तो उसे, उस आशा के समान माना जाएगा, जो कार्यों की मूल सूची वाले कुल 10 कार्यों में से 6 या 7 या 8 या 9 या 10 कार्यों में सक्रिय है। तब आपको उसे 12वीं पंक्ति की उन आशा कार्यकर्ताओं की संख्या के साथ जोड़ देना चाहिए जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।

दूसरा चरण

रिपोर्टिंग फार्मेट 2 के अनुसार आंकड़ा भरना चाहिए और उसे ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक के पास भेजना चाहिए।

प्रारूप 2 : आशा फैसिलिटेटर के लिए रिपोर्टिंग फार्मेट- सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं की संख्या का योग (समेकन) करने हेतु			**दिनांक –**	
क	आशा फैसिलिटेटर के अधीन आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या			
		सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या	ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या जिन्होंने रिपोर्ट नहीं की/ जिनकी जानकारी नहीं है	टिप्पणी
1	घर में प्रसव के मामलों में जन्म के प्रथम दिन नवजात के घर का दौरा			

2	नवजात देखभाल के लिए किए गए घर के दौरे-जैसा एचबीएनसी दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट है (संस्थागत प्रसव के मामलों में 6 दौरे एवं घर पर प्रसव के मामलों में 7 दौरे)			
3	वीएचएनडी में भाग लेना/ टीकाकरण में सहयोग देना			
4	संस्थागत प्रसव में सहयोग			
5	बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों, खासकर दस्त और न्यूमोनिया का प्रबंधन			
6	घरों के दौरे के साथ पोषण संबंधी परामर्श			
7	मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/ बनाई गई मलेरिया स्लाइड			
8	डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा			
9	ग्राम/वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना या उनमें भाग लेना			
10	आईयूडी/महिला नसबंदी/ पुरुष नसबंदी के सफल रेफरल के मामले और/या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/कन्डोम उपलब्ध कराना			
11	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।**			

सक्रियता फार्मेट भरने के लिए उदाहरण

फैसिलिटेटर (ए) के अधीन 3 आशा कार्यकर्ता हैं और आंकड़े 15 मार्च, 2011 को हुई समीक्षा बैठक के दौरान एकत्र किए गए हैं।

उदाहरण फार्मेट 1 : आशा फैसिलिटेटर के लिए - प्रत्येक फैसिलिटेटर के अधीन आशा कार्यकर्ताओं की सक्रियता को दर्ज करने हेतु					**दिनांक- 15/03/2011**
	आशा कार्यकर्ता	**1**	**2**	**3**	प्रत्येक कार्य के लिए कुशल आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या
1	घर में प्रसव के मामलों में जन्म के प्रथम दिन नवजात के घर का दौरा	1	0	1	2
2	नवजात देखभाल के लिए किए गए घर के दौरे-जैसा एचबीएनसी दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट है (संस्थागत प्रसव के मामलों में 6 दौरे एवं घर पर प्रसव के मामलों में 7 दौरे)	1	0	1	2
3	वीएचएनडी में भाग लेना/ टीकाकरण में सहयोग देना	1	1	1	3
4	संस्थागत प्रसव में सहयोग	0	1	1	2
5	बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों, खासकर दस्त और न्यूमोनिया का प्रबंधन	1	0	1	2
6	घरों के दौरे के साथ पोषण संबंधी परामर्श	0	0	1	1
7	मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/ बनाई गई मलेरिया स्लाइड	0	1	लागू नहीं	1

8	डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा	0	1	लागू नहीं	1
9	ग्राम/वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना या उनमें भाग लेना	1	0	1	2
10	आईयूडी/महिला नसबंदी/ पुरुष नसबंदी के सफल रफेरल के मामले और/या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/कन्डोम उपलब्ध कराना	1	0	1	2
11	**ऐसे कार्यों की कुल संख्या जिनमें आशा सक्रिय ने सक्रिय होना रिपोर्ट किया है।**	**6**	**4**	**8**	
12	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।**				**2**
	टिप्पणी			इसके क्षेत्र में कोई टीबी और मलेरिया का मामला नहीं है अत: इस अवधि में कार्यों की कुल संख्या - 8 (10 नहीं)	

1. घर पर प्रसव के मामलों में जन्म के पहले दिन नवजात के घर का दौरा

i. **आशा 1:** पिछले 1 महीने में घर पर प्रसव के मामलों में 3 नवजात पैदा हुए थे और जन्म के दिन वह, इनमें से सभी 3 के घर गई थी।

ii. **आशा 2:** घर में प्रसव वाले 3 में से केवल 1 नवजात के घर जन्म के दिन गई थी, और शेष 2 बच्चों के घर, पहली बार जन्म के तीसरे दिन गई थी।

iii. **आशा 3:** तीसरी आशा ने पिछले एक महीने में घर में प्रसव के दो मामलों की सूचना दी, और उसने इन दोनों ही नवजातों के घर जन्म के दिन ही दौरा किया था।

2. नवजात देखभाल के लिए किए गए घर के दौरे-जैसा एचबीएनसी दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट है

i. **आशा 1:** अनुसूची के अनुसार सभी 5 नवजातों के घर गई थी।

ii. **आशा 2:** आशा 3 नवजातों में 2 के घर गई थी किंतु इनमें से 1 मामले में उसने एचबीएनसी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अनुसूची का पालन नहीं किया था।

iii. **आशा 3:** 2 में से 1 नवजात के घर अनुसूची के अनुसार गई थी।

3. वीएचएनडी में भाग लेना/टीकाकरण

सभी 3 आशा कार्यकर्ताओं ने पिछले महीने अपने गांव में आयोजित वीएचएनडी में भाग लेना बताया।

4. संस्थागत प्रसव में सहयोग

i. **आशा 1:** ऐसी 3 गर्भवती महिलाएं थीं जिनके प्रसव की संभावित तिथि (ईडीडी) अप्रैल, 2012 में थी और आशा ने इनमें से केवल 2 के प्रसव की योजना बनाई थी।

ii. **आशा 2:** अप्रैल, 2012 में प्रसव की संभावित तिथि (ईडीडी) वाली 2 गर्भवती महिलाओं में से आशा ने दोनों के प्रसव की योजना बनाई थी।

iii. **आशा 3:** अप्रैल, 2012 में प्रसव की संभावित तिथि (ईडीडी) वाली केवल 1 गर्भवती महिला थी और आशा ने इस महिला के प्रसव की योजना बनाई थी। हालांकि उसके कार्य क्षेत्र में 2 और गर्भवती महिलाएं हैं किंतु उनके प्रसव की संभावित तिथि 3 महीने के बाद है।

5. बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों का प्रबंध

i. **आशा 1:** कुल 4 बीमार बच्चों में से 2 बच्चों के परिवारों ने अपने बच्चों की देखभाल के लिए उसकी सलाह मांगी थी।

ii. **आशा 2:** बच्चों की बीमारी के कुल 5 मामलों में से केवल 2 बच्चों के परिवारों ने अपने बच्चों के

उपचार/देखभाल के लिए आशा की सलाह मांगी थी।

iii. **आशा 3:** पिछले 1 महीने के दौरान बीमार पड़े बच्चों के सभी 3 परिवारों ने आशा से संपर्क किया था।

6. घरों के दौरे के साथ पोषण संबंधी परामर्श

i. **आशा 1:** – आशा ने 3 घरों के बारे में बताया जहां सामान्य स्तर के कुपोषण वाले बच्चे थे, किंतु पिछले 1 महीने में पोषण संबंधी परामर्श देने के लिए वह, इनमें से केवल 2 घरों में गई थी।

ii. **आशा 2:** – हालांकि ऐसे 2 घर हैं जहां 9 माह की आयु के बच्चे हैं और 1 घर में गंभीर कुपोषण वाला बच्चा भी है, किंतु आशा पिछले 1 महीने में किसी भी घर में नहीं गई थी।

iii. **आशा 3:** सीमांत वर्ग के 2 घरों एवं 3 माह की आयु के बच्चे के 1 घर में से पिछले 1 महीने में आशा सभी घरों में गई थी।

7. मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/बनाई गई मलेरिया स्लाइड

i. **आशा 1:** बुखार के 4 मामलों में से 1 में स्लाइड बनाई थी।

ii. **आशा 2:** बुखार के 3 मामलों में से 2 में स्लाइड बनाई थी।

iii. **आशा 3:** उसका क्षेत्र मलेरिया प्रभावित क्षेत्र नहीं है और पिछले 1 महीने में वहां मलेरिया का कोई मामला नहीं देखा गया।

8. डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा

i. **आशा 1:** – डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में काम नहीं कर रही है, किंतु उसके क्षेत्र में 2 टीबी के मरीज हैं।

ii. **आशा 2:** – अपने क्षेत्र में हाल ही में पता चले टीबी के मरीज के लिए डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही है।

iii. **आशा 3:** – यह, इसके लिए लागू नहीं, क्योंकि इसके क्षेत्र में कोई भी टीबी का मरीज नहीं है।

9. ग्राम/वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना या इनमें भाग लेना

3 आशा कार्यकर्ताओं में से, 2 आशा इस कार्य में सक्रिय हैं और उनमें से प्रत्येक ने पिछले 3 महीनों में कम से कम 1 बैठक आयोजित की है या इसमें भाग लिया है। इस अवधि में आशा-2 ने कोई ग्राम स्तरीय बैठक आयोजित नहीं की है।

10. आईयूडी/महिला नसबंदी/ पुरुष नसबंदी के सफल रेफरल के मामले

i. **आशा 1:** सफलतापूर्वक 1 आईयूडी का मामला (दंपति ने यह उपाय अपनाया) और 1 महिला नसबंदी का मामला रेफर किया है।

ii. **आशा 2:** 2 आईयूडी के मामलों को रेफर किया किंतु किसी भी दंपति ने यह उपाय नही अपनाया।

iii. **आशा 3:** आईयूडी/महिला या पुरुष नसबंदी का एक भी मामला सफलतापूर्वक रेफर नहीं किया है, किंतु पिछले एक महीने के दौरान 2 पात्र दंपतियों को खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी) उपलब्ध कराई है।

आशा सहयोगी (फैसिलिटेटर), फार्मेट 1 के आधार पर, नीचे बताए गए तरीके से फार्मेट 2 में आंकड़े भरेगी :

उदाहरण फार्मेट (प्रारूप) 2 : आशा फैसिलिटेटर के लिए रिपोर्टिंग फार्मेट- सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं की संख्या का समेकन करने हेतु			**दिनांक - 15/03/2011**	
क	**आशा फैसिलिटेटर के अधीन आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या**	3		
		सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या	ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या जिन्होंने रिपोर्ट नहीं की/ जिनकी जानकारी नहीं है	टिप्पणी
ख	**निम्नलिखित कार्यों में सक्रिय आशा कार्यकर्ता की संख्या**			

1	घर में प्रसव के मामलों में जन्म के प्रथम दिन नवजात के घर का दौरा	2		
2	नवजात देखभाल के लिए किए गए घर के दौरे–जैसा एचबीएनसी दिशा–निर्देशों में निर्दिष्ट है (संस्थागत प्रसव के मामलों में 6 दौरे एवं घर पर प्रसव के मामलों में 7 दौरे)	2		
3	वीएचएनडी में भाग लेना/ टीकाकरण में सहयोग देना	3		
4	संस्थागत प्रसव में सहयोग	2		
5	बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों, खासकर दस्त और न्यूमोनिया का प्रबंधन	2		
6	पोषण के बारे में परामर्श देने के लिए किए गए घर के दौरे	1		
7	मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/ बनाई गई मलेरिया स्लाइड	1		
8	डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा	1		
9	ग्राम/वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना या उनमें भाग लेना	2		
10	आईयूडी/महिला नसबंदी/ पुरुष नसबंदी के सफल रेफरल के मामले और/या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/कन्डोम उपलब्ध कराना	2		
ग	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।**	**2**		

नोट : उपर्युक्त उदाहरण में आशा–3 के क्षेत्र में कोई भी मलेरिया या टीबी का मामला नहीं पाया गया, इसलिए उसकी सक्रियता का निर्णय करने के लिए कुल कार्यों की संख्या 8 हो जाती है, 10 नहीं। इस मामले में हम देखते हैं कि वह सभी 8 कार्यों में सक्रिय है, इसलिए हम उसे, उस आशा के समान मानते हैं, जो 10 में से 6 कार्यों में सक्रिय है। यदि वह 5, 6, 7 या 8 कार्यों में सक्रिय होती तो भी हम उसे, उसे उस आशा के समान ही मानते, जो 10 में से कम से कम 6 कार्यों में सक्रिय है।

तीसरा चरण

इसके बाद सभी आशा फैसिलिटेटर द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का सामुदायिक समन्वयक द्वारा हर माह समेकन किया जाता है। प्रत्येक तिमाही के अंत में ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक, प्रत्येक आशा सहयोगी के अन्तर्गत कार्यरत सभी आशाओं के लिए प्रत्येक कार्य में सक्रियता के लिए औसत मान निकालेगा। उदाहरण के लिए– यदि इस तिमाही में आशा फैसिलिटेटर (ए) के आधीन 20 आशा कार्यकर्ताओं में से, 5 आशा, पहले महीने में नवजात शिशु के घर दौरों के लिए सक्रिय रही हैं, दूसरे महीने में 7, तीसरे महीने में 11, तो ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक औसत निकालेगा एवं आशा फैसिलिटेटर (1) के आधीन 8 आशा कार्यकर्ताओं को इस कार्य के लिए सक्रिय (फन्कशनल) दर्ज करेगा।

इस प्रकार ब्लॉक समन्वयक, प्रत्येक आशा फेसिलिटेटर के अधीन प्रत्येक कार्य में सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं का औसत निकालेगा। इसके बाद आशा फेसिलिटेटर के अधीन प्रत्येक कार्य में सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं के इस औसत का कार्यवार योग किया जाएगा– जिससे कि ब्लॉक की उन सभी आशा कार्यर्ताओं की कुल संख्या की गणना की जा सके, (क) जो प्रत्येक कार्य में सक्रिय हैं और (ख) जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं। इसके उपरांत तिमाही आधार पर इस रिपोर्ट को जिला समन्वयक/नोडल व्यक्ति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रारूप 3- सक्रियता की स्थिति संबंधी ब्लॉक के आंकड़ों का समेकन					
	फैसिलिटेटर -1	पहला महिना	दूसरा महिना	तीसरा महिना	औसत
1	घर में प्रसव के मामलों में जन्म के प्रथम दिन नवजात के घर का दौरा				
2	नवजात देखभाल के लिए किए गए घर के दौरे-जैसा एचबीएनसी दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट है (संस्थागत प्रसव के मामलों में 6 दौरे एवं घर पर प्रसव के मामलों में 7 दौरे)				
3	वीएचएनडी में भाग लेना/ टीकाकरण में सहयोग देना				
4	संस्थागत प्रसव में सहयोग				
5	बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों, खासकर दस्त और न्यूमोनिया का प्रबंधन				
6	घरों के दौरे के साथ पोषण संबंधी परामर्श				
7	मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/ बनाई गई मलेरिया स्लाइड				
8	डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा				
9	ग्राम/वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना या उनमें भाग लेना				
10	आईयूडी/महिला नसबंदी/ पुरुष नसबंदी के सफल रेफरल के मामले और/या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/कन्डोम उपलब्ध कराना				
11	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।**				
12	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या, जिन्होंने रिपोर्ट नहीं किया है/ जिनकी जानकारी नहीं है**				

रिपोर्टिंग प्रारूप 4 - सक्रियता की स्थिति संबंधी ब्लॉक के आंकड़ों का समेकन						
	निम्नलिखित कार्यों में सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं की औसत संख्या	**फेसिलिटेटर 1**	**फेसिलिटेटर 2**	**फेसिलिटेटर 3**	**फेसिलिटेटर 4**	**ब्लॉक का योग**
1	घर में प्रसव के मामलों में जन्म के प्रथम दिन नवजात के घर का दौरा					
2	नवजात देखभाल के लिए किए गए घर के दौरे-जैसा एचबीएनसी दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट है (संस्थागत प्रसव के मामलों में 6 दौरे एवं घर पर प्रसव के मामलों में 7 दौरे)					
3	वीएचएनडी में भाग लेना/ टीकाकरण को बढ़ावा देना					
4	संस्थागत प्रसव में सहयोग					
5	बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों, खासकर दस्त और न्यूमोनिया का प्रबंधन					
6	घरों के दौरे के साथ पोषण संबंधी परामर्श					
7	मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/ बनाई गई मलेरिया स्लाइड					
8	डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा					
9	ग्राम/वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना					

10	आईयूडी/महिला नसबंदी/ पुरुष नसबंदी के सफल रेफरल के मामले और/या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/ कन्डोम उपलब्ध कराना					
11	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।**					
12	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या, जिन्होंने रिपोर्ट नहीं किया है/जिनकी जानकारी नहीं है**					
13	**प्रत्येक फेसिलिटेटर के अधीन आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या**					

जिला समन्वयक, ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक द्वारा भेजे गए आंकड़ों को अपने लिए तैयार किए गए फार्मेट में तिमाही आधार पर समेकित करके दर्ज करेगा।

नोट: यह ध्यान रहे कि जो आशा रिपोर्ट नहीं करती हैं (सूचना देने नहीं आती हैं) और जो आशा फैसिलिटेटर रिपोर्ट नहीं करते हैं, उन्हें निष्क्रिय (नॉन-फन्कशनल) माना जाएगा

चौथा चरण

जिला समन्वयक, हर तिमाही में, प्रत्येक ब्लॉक में आशा द्वारा किए गए हरेक कार्य की सक्रियता (प्रारूप- 5) के आधार पर ब्लॉकों को चार श्रेणियां (ग्रेड) देगा। इन ब्लॉकों को श्रेणियां (ग्रेड) प्रदान करने के मापदंड निम्नवत् हैं :

क. ग्रेड ए - ऐसे ब्लॉक जहां सभी 1-10 कार्यों में से प्रत्येक में एवं कुल मिलाकर कम से कम 6/10 कार्यों में कुल > 75% आशा सक्रिय (फन्कशनल) हैं।

ख. ग्रेड बी - ऐसे ब्लॉक जहां सभी 1-10 कार्यों में से प्रत्येक में एवं कुल मिलाकर कम से कम 6/10 कार्यों में कुल 50- 75% आशा सक्रिय (फन्कशनल) हैं।

ग. ग्रेड सी - ऐसे ब्लॉक जहां सभी 1-10 कार्यों में से प्रत्येक में एवं कुल मिलाकर कम से कम 6/10 कार्यों में कुल 25-49% आशा सक्रिय (फन्कशनल) हैं।

घ. ग्रेड डी - ऐसे ब्लॉक जहां सभी 1-10 कार्यों में से प्रत्येक में एवं कुल मिलाकर कम से कम 6/10 कार्यों में कुल < 25% आशा सक्रिय (फन्कशनल) हैं।

प्रारूप 5 - जिला समन्वयक के लिए - ब्लॉकों में आशा की सक्रियता

		ब्लॉक - 1		ब्लॉक - 1	
	निम्नलिखित कार्यों में सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं का प्रतिशत- (सक्रिय आशा कार्यकर्ताओं की संख्या/आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या) X 100	आशा कार्यकर्ताओं का प्रतिशत	ब्लॉक का ग्रेड	आशा कार्यकर्ताओं का प्रतिशत	ब्लॉक का ग्रेड
1	घर में प्रसव के मामलों में जन्म के प्रथम दिन नवजात के घर का दौरा				
2	नवजात देखभाल के लिए किए गए घर के दौरे-जैसा एचबीएनसी दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट है (संस्थागत प्रसव के मामलों में 6 दौरे एवं घर पर प्रसव के मामलों में 7 दौरे)				
3	वीएचएनडी में भाग लेना/ टीकाकरण में सहयोग देना				
4	संस्थागत प्रसव में सहयोग				
5	बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों, खासकर दस्त और न्यूमोनिया का प्रबंधन				
6	घरों के दौरे के साथ पोषण संबंधी परामर्श				
7	मलेरिया प्रभावित इलाकों में देखे गए बुखार के मामले/ बनाई गई मलेरिया स्लाइड				

8	डॉट्स कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आशा				
9	ग्राम/वीएचएसएनसी बैठकों का आयोजन करना या उनमें भाग लेना				
10	आईयूडी/महिला नसबंदी/ पुरुष नसबंदी के सफल रेफरल के मामले और/या खाने की गर्भनिरोधक गोलियां (ओसीपी)/ कन्डोम उपलब्ध कराना				
11	**ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की कुल संख्या जो कम से कम 6/10 कार्यों में सक्रिय हैं।**				

पांचवां चरण

राज्य स्तर पर सभी जिलों के आंकड़ों का संग्रह एवं समेकन किया जाएगा, और उन्हें तिमाही आधार पर दर्ज किया जाएगा। ब्लॉकों के ग्रेड के आधार पर निम्नलिखित मापदंडों का प्रयोग करते हुए जिलों को ग्रेड दिया जाएगा :

क. ग्रेड ए – ऐसे जिले जहां के कुल ब्लॉकों में से > 75% ब्लॉकों को कुल कार्यों में से कम से कम 6/10 कार्यों में आशा की सक्रियता के आधार पर ग्रेड ए, +बी दिया गया है।

ख. ग्रेड बी – ऐसे जिले जहां कुल ब्लॉकों के 50–75% ब्लॉकों को कुल कार्यों में से कम से कम 6/10 कार्यों में आशा की सक्रियता के आधार पर ग्रेड ए +बी दिया गया है।

ग. ग्रेड सी – ऐसे जिले जहां कुल ब्लॉकों के < 50% ब्लॉकों को कुल कार्यों में से कम से कम 6/10 कार्यों में आशा की सक्रियता के आधार पर ग्रेड ए +बी दिया गया है।

ख. आशा कार्यक्रम के परिणाम

जिला समन्वयकों द्वारा वार्षिक और तिमाही आधार पर एचएमआईएस से प्राप्त आशा कार्यक्रम के परिणाम के ब्लॉकवार आंकड़ों का समेकन किया जाएगा। इससे कार्यक्रम प्रबंधकों को प्रत्येक ब्लॉक के लिए निम्नलिखित परिणामों के लिए आशा कार्यकर्ताओं की सक्रियता का खाका खींचने में सहायता मिलेगी :

ग. आशा डाटा बेस और प्रशिक्षण रजिस्टर

नोडल अधिकारियों द्वारा ब्लॉक एवं जिला स्तरों पर, इसका वार्षिक आधार पर रख-रखाव किया जाएगा। इससे जिले में कार्यरत सभी आशा कार्यकर्ताओं तथा कार्यक्रम को छोड़ने वाली आशा कार्यकर्ताओं का विस्तृत ब्यौरा रखने में सहायता मिलेगी। **इस भाग में इन सभी आंकड़ों को समझाया जा रहा है, जिससे आशा सहयोगी यह जान सकें कि, एक प्रभावी कार्यक्रम निगरानी के लिए किस तरह के आंकड़ों को रखने की जरूरत होगी। वैसे आशा सहयोगियों की इन आंकड़ों के रख-रखाव में कोई सीधी भूमिका नहीं होगी।**

(i) आशा डाटा बेस रजिस्टर

क. ब्लॉक स्तर पर, ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक ब्लॉक की प्रत्येक आशा के लिए आशा डाटाबेस रजिस्टर (प्रारूप 7) रखेगा।

प्रारूप 6 – परिणामों का जिला स्तर पर समेकन

	ब्लॉक	ब्लॉक 1	ब्लॉक 2	ब्लॉक 3	ब्लॉक 4	ब्लॉक 5
1	वजन किए गए नवजात शिशुओं का प्रतिशत					
2	जन्म के पहले घंटे में स्तनपान कराए गए शिशुओं का प्रतिशत					
3	जन्म के समय कम वजन वाले शिशुओं का प्रतिशत					
4	ऐसे बच्चों का प्रतिशत, जिन्हें पूरे टीके लगाए गए हैं					
5	ऐसे बच्चों का प्रतिशत, जिन्हें खसरे का टीका लगा है					
6	ऐसे टीकाकरण सत्रों का प्रतिशत, जिनमें आशा मौजूद रही हैं					
7	ऐसी महिलाओं का प्रतिशत, जिन्हें 3 एएनसी सुविधा मिली					

8	संस्थागत प्रसव का प्रतिशत					
9	संस्थागत प्रसव के लिए किए गए जेएसवाई भुगतान का प्रतिशत					
10	ऐसी आशा कार्यकर्ताओं का प्रतिशत, जिन्हें जेएसवाई के तहत प्रोत्साहन राशि मिली					
11	वीएचएसएनसी के फंड का उपयोग					
12	श्वसन संक्रमण के लिए अस्पताल में भर्ती किए गए बच्चों का प्रतिशत					
13	दस्त/शरीर में पानी की कमी (डीहाइड्रेशन) का उपचार दिए गए बच्चों का प्रतिशत					
14	मृत शिशु जन्म की रिपोर्ट की गई संख्या					
15	मृत शिशु जन्म दर की रिपोर्ट की गई संख्या					
16	प्रसवकालीन (पेरीनेटल) मृत्यु दर की रिपोर्ट की गई संख्या					
17	नवजात शिशु मृत्यु दर की रिपोर्ट की गई संख्या					

प्रारूप 7- आशा डाटा बेस रजिस्टर				
आशाओं की संख्या		1	2	3
1	आशा का नाम			
2	गांव का नाम			
3	प्रभारी एएनएम का नाम			
4	आयु			
5	शिक्षा का स्तर			
6	जाति			
7	वैवाहिक स्थिति			
8	आय के अन्य स्रोत			
9	आशा की नियुक्ति की तिथि			
10	रजिस्टर भरे जाने की तिथि			
11	पंचायत का पत्र			
12	जारी किया गया पहचान पत्र			
13	किसी दक्षता का प्रमाण पत्र यदि जारी किया है, जारी किए जाने की तिथि			
14	बैंक खाता संख्या			
15	आशा के कार्य छोड़ने की तिथि			
16	कार्य छोड़ने का कारण[3]			
	टिप्पणी			

---

[3]किसी आशा को काम छोड़ जाने वाली (ड्राप आउट) समझा जाएगा यदि- उसने त्याग पत्र दे दिया है अथवा उसने लगातार तीन ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों (वीएचएनडी) में भाग नहीं लिया है, और इसका कोई कारण नहीं बताया है अथवा अधिकांश गतिविधियों में वह सक्रिय नहीं रही है और ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक ने आशा के गांव का दौरा किया और इस बात की पुष्टि की है कि वह वास्तव में सक्रिय नहीं है। यदि कोई वास्तविक समस्या है, तो उसका सहयोग किया जाना चाहिए जब तक कि उसका आशा फेसिलिटेटर, वीएचएसएनसी या ग्राम एसएचजी द्वारा समाधान नहीं कर दिया जाता। यदि वह अपना काम आगे नहीं जारी रख सकती, तो उससे लिखित एवं हस्ताक्षरित घोषणा ले लेनी चाहिए और उस पर ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक से मंजूरी ली जानी चाहिए। जिले को डाटाबेस रजिस्टर से उसका नाम हटाने का अधिकार है। इसके बाद रिक्ति को भरने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक निम्नलिखित आंकड़े भी रखेगा –

i. ब्लॉक में ऐसे गांवों की संख्या जिनमें कोई आशा नहीं है।

ii. ब्लॉक में ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या जो 1500 से अधिक आबादी को सेवाएं प्रदान करती हैं।

ख. जिला स्तर पर, जिला समन्वयक, सभी ब्लॉकों के समेकित आकड़ों का रजिस्टर रखेगा, जिसका वार्षिक आधार पर नवीनीकरण (अपडेट) किया जाएगा, किंतु किसी के द्वारा कार्य छोड़ जाने की स्थिति में राज्य के अधिकारियों को इस परिवर्तन से अवगत कराया जाएगा।

ग. राज्य स्तर पर– ब्लॉक एवं जिला स्तर पर एकत्र आंकड़ों के आधार पर, राज्य स्तर पर राज्य के सभी जिलों की निम्नलिखित सूचना समेकित की जाएगी–

i. कुल आशा कार्यकर्ताओं की संख्या

ii. पिछले वर्ष में काम छोड़ जाने वाली (ड्राप-आउट) आशा कार्यकर्ताओं की संख्या

iii. पिछले वित्त वर्ष में कार्यग्रहण करने वाली आशा कार्यकर्ताओं की संख्या

iv. राज्य में ऐसे गांवों की संख्या जहां कोई आशा तैनात नहीं है

v. राज्य में ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या जो 1500 से अधिक आबादी को सेवाएं प्रदान करती हैं

(ii) आशा प्रशिक्षण रजिस्टर

क. ब्लॉक स्तर पर– प्रत्येक ब्लॉक के लिए ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक द्वारा सभी आशा कार्यकताओं के प्रशिक्षण का रजिस्टर रखा जाएगा। वह तिमाही आधार पर ब्लॉक में प्रशिक्षण की समेकित स्थिति भी तैयार करेगा/करेगी। (प्रारूप 8 एवं 9)

प्रारूप 8– ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक के लिए आशा डाटा बेस रजिस्टर का प्रारूप

रजिस्टर भरे जाने की तिथि –

	आशा का नाम				
1	गांव का नाम				
2	अब तक पूरे किए गए प्रशिक्षण दिवस की संख्या				
3	अब तक पूरे किए गए प्रशिक्षण चक्र की संख्या जिनमें भाग लिया है				
4	मॉड्यूल 5 या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण को पूरा किया या नहीं				
5	मॉड्यूल 5 के प्रशिक्षण में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण				
6	मॉड्यूल 6 एवं 7 के प्रथम चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण को पूरा किया या नहीं				
7	मॉड्यूल 6 एवं 7 के प्रथम चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में उत्तीर्ण/ अनुत्तीर्ण				
8	मॉड्यूल 6 एवं 7 के द्वितीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण को पूरा किया या नहीं				
9	मॉड्यूल 6 एवं 7 के द्वितीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में उत्तीर्ण/ अनुत्तीर्ण				
10	मॉड्यूल 6 एवं 7 के तृतीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण को पूरा किया या नहीं				
11	मॉड्यूल 6 एवं 7 के तृतीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में उत्तीर्ण/ अनुत्तीर्ण				
12	मॉड्यूल 6 एवं 7 के चतुर्थ चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण को पूरा किया या नहीं				
13	मॉड्यूल 6 एवं 7 के चतुर्थ चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में उत्तीर्ण/ अनुत्तीर्ण				

प्रारूप 9- ब्लॉक सामुदायिक समन्वयक के लिए प्रशिक्षण रजिस्टर का प्रारूप		
	रजिस्टर भरे जाने की तिथि –	ब्लॉक 1
1	राज्य मानकों द्वारा जरूरी प्रशिक्षण कार्यशालाओं की संख्या	
2	आयोजित की गई प्रशिक्षण कार्यशालाओं की संख्या	
3	मॉड्यूल 5 या राज्य समकक्ष मॉड्यूल में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या[4]	
4	मॉड्यूल 6 एवं 7 के प्रथम चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या	
5	मॉड्यूल 6 एवं 7 के द्वितीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या	
6	मॉड्यूल 6 एवं 7 के तृतीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या	
7	मॉड्यूल 6 एवं 7 के चतुर्थ चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या	
8	ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या, जिनका मूल्यांकन किया गया – (मॉडयूल का उल्लेख करें)	
9	मूल्यांकन की गई आशा कार्यकर्ताओं में से प्रशिक्षण में अनुत्तीर्ण आशा कार्यकर्ताओं की संख्या (मॉड्यूल का उल्लेख करें)	
10	मूल्यांकन की गई आशा कार्यकर्ताओं में से प्रशिक्षण में उत्तीर्ण आशा कार्यकर्ताओं की संख्या (मॉड्यूल का उल्लेख करें)	

ख. जिला स्तर पर – जिला समन्वयक द्वारा ऐसा ही एक प्रशिक्षण रजिस्टर (प्रारूप 10) रखा जाएगा।

	प्रारूप 10 – जिला सामुदायिक समन्वयक के लिए प्रशिक्षण रजिस्टर का प्रारूप			
	रजिस्टर भरे जाने की तिथि –	ब्लॉक 1	ब्लॉक 2	योग
1	राज्य मानकों के अनुसार जरूरी प्रशिक्षण कार्यशालाओं की संख्या			
2	आयोजित की गई प्रशिक्षण कार्यशालाओं की संख्या			
3	मॉड्यूल 5 या राज्य समकक्ष मॉड्यूल में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या			
4	मॉड्यूल 6 एवं 7 के प्रथम चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या			
5	मॉड्यूल 6 एवं 7 के द्वितीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या			
6	मॉड्यूल 6 एवं 7 के तृतीय चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या			
7	मॉड्यूल 6 एवं 7 के चतुर्थ चक्र या राज्य के समकक्ष प्रशिक्षण में प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की संख्या			
8	ऐसी आशा कार्यकर्ताओं की संख्या, जिनका मूल्यांकन किया गया – (मॉडयूल का उल्लेख करें)			
9	मूल्यांकन की गई आशा कार्यकर्ताओं में से प्रशिक्षण में अनुत्तीर्ण आशा कार्यकर्ताओं की संख्या (मॉड्यूल का उल्लेख करें)			
10	मूल्यांकन की गई आशा कार्यकर्ताओं में से प्रशिक्षण में उत्तीर्ण आशा कार्यकर्ताओं की संख्या (मॉड्यूल का उल्लेख करें)			

---

[4]यदि मॉड्यूल 5 या 6 या 7 के समकक्ष राज्य मॉड्यूल मौजूद हैं, तो उस मॉड्यूल के समक्ष संख्या लिखें और मॉड्यूलों का उल्लेख करें।

3. राज्य स्तर पर – पूरे राज्य की समेकित रिपोर्ट निम्नलिखित प्रारूप 11 में तैयार की जाएगी।

राज्य स्तर के प्रशिक्षण की स्थिति के लिए प्रारूप 11				
रजिस्टर भरे जाने की तिथि –	जिला – 1	जिला –2	जिला –3	योग
चुनी गई आशा कार्यकर्ताओं का प्रतिशत, जिन्हें निम्नलिखित मॉड्यूलों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया–				
मॉड्यूल 5 या राज्य के समकक्ष				
मॉड्यूल 6 एवं 7 का प्रथम चक्र या राज्य के समकक्ष				
मॉड्यूल 6 एवं 7 का द्वितीय चक्र या राज्य के समकक्ष				
मॉड्यूल 6 एवं 7 का तृतीय चक्र या राज्य के समकक्ष				
मॉड्यूल 6 एवं 7 का चतुर्थ चक्र या राज्य के समकक्ष				

अनुलग्नक: 1

लाभार्थियों की गणना

लाभार्थियों की गणना करने के लिए जरूरी आंकड़े

क्षेत्र की जनसंख्या और जन्म दर की जरूरत पड़ती है :

- जन्म दर का प्रयोग करें। यदि स्थानीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, तो जिला-स्तर, राज्य-स्तर, राष्ट्रीय-स्तर (प्राथमिकता के क्रम में) के आंकड़ों का प्रयोग किया जा सकता है। यथासंभव डीएलएचएस, एनएफएचएस अथवा किसी प्रामाणिक रिपोर्ट का प्रयोग करें।
- अपने कार्य क्षेत्र की सही जनसंख्या का पता करने के लिए अद्यतन (सबसे हाल में जारी हुई) जनगणना रिपोर्ट का प्रयोग करें।

इन दो आंकड़ों की सहायता से हम अनुमानित लाभार्थियों की संख्या की गणना कर सकते हैं :

1. गर्भवती महिलाओं की संख्या
2. जीवित पैदा हुए बच्चों की संख्या
3. नवजात मृत्यु की संख्या
4. शिशुओं की संख्या
5. मातृत्व जटिलता के मामलों की संख्या
6. रेफरल की संख्या

मातृत्व मृत्यु अनुपात (एमएमआर) की गणना, जिला स्तर पर नहीं की जा सकती है, क्योंकि डिनामिनेटर के लिए 100000 जीवित शिशु जन्म की जरूरत होती है। अत: मातृत्व मृत्यु अनुपात (एमएमआर) का पता लगाने के लिए विशेष सर्वेक्षण किए जाते हैं।

गणना

- जन्म दर (प्रति 1000 जनसंख्या) को क्षेत्र की जनसंख्या से गुणा करें, और इसमें 1000 से भाग दें।
- चूकि कुछ गर्भाधारणों के मामले में जीवित शिशु जन्म नहीं भी हो सकता है (यथा- गर्भपात एवं मृत शिशु जन्म हो सकते हैं), अत: अनुमानित जीवित शिशु जन्मों की संख्या, कुल गर्भधारणों की संख्या से काफी कम होगी। इसलिए 10% का संशोधन गुणांक जरूरी होता है, अर्थात् उपर्युक्त प्राप्त आंकड़े में 10% जोड़ना होता है।
- इससे अपेक्षित गर्भधारणों की कुल संख्या मिल जाएगी।

गर्भधारण संख्या की गणना

ग्रामीण उड़ीसा की जन्म दर = 22.2/1000 जनसंख्या (एसआरएस 2008)

प्रत्येक आशा के अधीन जनसंख्या = 1000

अत: अनुमानित जीवित शिशु जन्मों की संख्या = (22.2/1000)/1000 = 22.2 जन्म

संशोधन गुणांक = 22.2 का 10% (अर्थात् (10/100) x 22.2) = 2.22

अत: एक आशा के अधीन एक वर्ष में अनुमानित गर्भधारण की कुल संख्या = 22.2 + 2.2 = 24.44-25 प्रति वर्ष

जीवित शिशु जन्म और रेफरल संख्या की गणना

जन्म दर = 22.2/1000 जनसंख्या

प्रत्येक आशा के अधीन जनसंख्या = 1000

अत: अनुमानित जीवित शिशु जन्मों की संख्या = (22.2 x 1000) /1000 = 22.2 जन्म प्रति वर्ष, एक आशा के कार्यक्षेत्र में

इस प्रकार प्रति माह अपेक्षित जीवित शिशु जन्मों की संख्या = 22.2/12 = 2 प्रति माह

अनुमानित मातृत्व जटिलताओं की संख्या लगभग 15% है।

अत: गर्भावस्था, प्रसव और प्रसव के उपरांत जटिलता वाली माताओं की संख्या है गर्भवती महिलाओं की संख्या x 15%

एक आशा के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की संख्या = 24

अत: गर्भावस्था संबंधी जटिलता वाली माताओं की संख्या = 24 x 15% = 3.6-4 वार्षिक (प्रत्येक आशा के अंतर्गत प्रतिवर्ष)

अत: गर्भावस्था, प्रसव और प्रसव के उपरांत रेफर की जाने वाली महिलाओं की संख्या = 4 है।

शिशु मृत्यु की संख्या की गणना

ग्रामीण उड़ीसा की शिशु मृत्यु दर = 71/1000 जीवित शिशु जन्म (एसआरएस 2008)

नवजात शिशु मृत्यु दर (एनएमआर) की अनुमानित गणना शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) के 2/3 के रूप में की जा सकती है : अत: एनएमआर = 71/1000 (2/3) = 47 लगभग

1000 जनसंख्या पर या एक आशा के अधीन वार्षिक जीवित शिशु जन्म = 22

5000 जनसंख्या पर या एक उपकेंद्र के अधीन कुल वार्षिक जीवित शिशु जन्म = 22 x 5 = 111

गणना

इस प्रकार शिशु मृत्यु संख्या, वार्षिक जन्म को आईएमआर से गुणा कर और उसमें 1000 का भाग देकर निकाली जा सकती है = 111 x 71/1000 = 7.881 = 8 (लगभग) वार्षिक प्रत्येक उपकेंद्र पर।

इस प्रकार शिशुओं की संख्या = कुल जीवित शिशु जन्म संख्या – नवजात मृत्यु = 111 – 8 = 103 एक उपकेंद्र पर

इस प्रकार नवजात मृत्यु संख्या, वार्षिक जन्म को एनएमआर से गुणा कर और उसमें 1000 का भाग देकर निकाली जा सकती है = 111 x 47/1000 = 5.217 = 5 नवजात मृत्यु (लगभग) वार्षिक प्रत्येक उपकेंद्र पर।

प्रति आशा : 1–2 शिशु मृत्यु वार्षिक

गणना के लिए प्रयोग किए जाने वाले आंकड़े (उदाहरण के लिए)

- आयु वितरण :
  - 0–1 वर्ष : 2 से 3%
  - 6 वर्ष तक : 14 से 18%
  - 14 वर्ष तक : 30 से 35%
- पात्र दंपति : 17%
- मातृत्व जोखिम संकेत : 15%
- सीजेरियन (आपरेशन से शिशु जन्म) दर : 5%
- नवजात खतरे के संकेत : 10 से 12%

लिंग अनुपात की गणना

जरूरी जानकारी

क्षेत्र की जनसंख्या : पिछली जनगणना रिपोर्ट

लिंग अनुपात = किसी आबादी में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या

गणना : महिलाओं की संख्या में 1000 से गुणा करें और उसे पुरुषों की जनसंख्या से भाग दें।

उदाहरण : महिलाओं की जनसंख्या = 98324

पुरुषों की जनसंख्या = 114003

$$\text{लिंग अनुपात} = \frac{98324 \times 1000}{114003} = 862$$

आशा फैसिलिटेटर के लिए गणनाओं का उपयोग

कुछ उदाहरण

1. प्रसवपूर्व देखभाल सुविधा की पहुंच

इस बात का पता लगाना कि प्रसवपूर्व देखभाल सुविधा की कहां तक पहुंच हुई है?/कितने लोगों को ये सेवाएं प्रदान की गई हैं?

अर्थात् क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं द्वारा सेवाओं का लाभ उठाने का प्रतिशत :

$$100 \times \frac{\text{प्रसवपूर्व देखभाल सेवा का लाभ उठाने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या}}{\text{कुल गर्भवती महिलाओं की संख्या}}$$

आंकड़े के स्रोत :

प्रसवपूर्व देखभाल सेवा का लाभ उठाने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या – एमपीआर की रिपोर्ट (मासिक प्रगति रिपोर्ट)

कुल गर्भवती महिलाओं की संख्या – यह आसानी से सुविधा केंद्रों के आंकड़ों से नहीं प्राप्त होती, क्योंकि सभी गर्भवती महिलाएं पंजीकृत नहीं होतीं।

अत: इसके स्थान पर अनुमानित गर्भवती महिलाओं की संख्या का प्रयोग करें।

इसकी गणना के लिए कुल अनुमानित जन्म में गुणांक से संशोधन कर संख्या निकाली जा सकती है, क्योंकि सभी गर्भधारणों का परिणाम जीवित शिशु जन्म नहीं होता। पिछली जानकारी के आधार पर (गर्भपात, मृत शिशु जन्म के कारण 10% का नुकसान होने से) 1.10 के गुणांक का प्रयोग किया जाता है।

(यह मानते हुए कि 100 जीवित शिशु जन्म, 110 गर्भधारण का परिणाम होता है।)

आशा फैसिलिटेटर को उसके अधीन 20 आशा कार्यकर्ताओं से, यह आंकड़ा प्राप्त होता है :

उदाहरण

एक वर्ष के अंदर प्रसवपूर्व देखभाल सेवा का लाभ उठाने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या = 244

जनसंख्या = 20,000

सीबीआर (जन्म दर) (एसआरएस 2008 का सीबीआर) = 22.2 प्रति हजार

एक वर्ष में अनुमानित जन्म = 20000 x 22.2/1000 = 444

अत: गर्भवती महिलाओं की संख्या = 444 + (444 का 10%) = 444 + 44 = 488

देखभाल सेवा का लाभ उठाने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत = 100 x (244/488) = 50%

2. संस्थागत प्रसव का विस्तार (पहुँच)

इस बात का पता लगाना कि संस्थागत प्रसव सुविधा का कहां तक विस्तार हुआ है?/ कितने लोगों को ये सेवाएं प्रदान की गई हैं?

अर्थात् क्षेत्र में संस्थागत प्रसव का प्रतिशत :

$$100 \times \frac{\text{संस्थागत प्रसव की संख्या}}{\text{कुल प्रसव की संख्या}}$$

आंकड़े के स्रोत :

संस्थागत प्रसव की संख्या – अस्पताल या आशा रजिस्टर की रिपोर्ट

कुल प्रसव की संख्या – यह आसानी से सुविधा केंद्रों के आंकड़ों से नहीं प्राप्त होती, क्योंकि सभी गर्भवती महिलाएं पंजीकृत नहीं होतीं।

अत: इसके स्थान पर अनुमानित प्रसव संख्या का प्रयोग करें।

इसका अनुमान, कुल अनुमानित जनसंख्या और असंशोधित जन्म दर (सीबीआर) से लगाया जा सकता है।

अनुमानित जनसंख्या संबंधी आंकड़े, जनसंख्या अनुमानों से उपलब्ध हो जाते हैं और सीबीआर, एसआरएस से।

इस प्रकार, तीन स्रोतों का उपयोग किया जाता है (सुविधा केंद्रों/सेवा के आंकड़े, जनसंख्या अनुमान और एसआरएस।)

आशा सहयोगी (फैसिलिटेटर) को उसके अधीन 20 आशा कार्यकर्ताओं से, यह आंकड़ा प्राप्त होता है :

एक वर्ष के अंदर कराए गए संस्थागत प्रसव की संख्या (सेवा के आंकड़े) = 350

जनसंख्या = 20,000

असंशोधित जन्म दर (एसआरएस 2008 का सीबीआर) = 22.2 प्रति हजार

एक वर्ष में अनुमानित जन्म = 20000 x 22.2/1000 = 444

गर्भवती महिलाओं की संख्या = 444 + (444 का 10%) = 444 + 44 = 488

संस्थागत प्रसव सेवा का लाभ उठाने वाली महिलाओं का प्रतिशत = 100 x (350/488) = 71.7%

अनुलग्नक: 2

गृहभ्रमण की जाँचसूची

गृह भ्रमण (होम विजिट) के लिए आशा के साथ जाने के लिए फैसिलिटेटर की जांचसूची			
	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का नाम		
	उपकेंद्र का नाम		
	गांव का नाम		
	आशा का नाम		
	भ्रमण की तारीख		
क्रम सं.	मापदंड	मूल्यांकन हां/नहीं/ आंशिक	टिप्पणी
आशा द्वारा गर्भवती महिलाओं के गृह भ्रमण के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल की प्राथमिकताओं का मूल्यांकन			
1	क्या आशा ने निर्धारित प्रक्रिया से गर्भ की जांच कराने में महिला की मदद की थी?		
2	क्या आशा ने जन्म की तैयारी वाला फार्मेट, (प्रसव के लिए अस्पताल के चयन के विवरण सहित) भरने में परिवार की मदद की थी? (संदर्भ के लिए अनुलग्नक 6 देखें)		
3	क्या आशा ने कम से कम 4 प्रसवपूर्व देखभाल जांचें एवं टीटी की 2 सूइयां लगाया जाना सुनिश्चित किया था?		
4	क्या आशा ने महिला के पास बची आयरन फॉलिक एसिड की गोलियों की जांच की थी?		
5	क्या आशा ने महिला को प्रसवपूर्व अवधि के खतरे के संकेतों के बारे में परामर्श दिया था?		
6	क्या आशा ने महिला को समुचित पोषण और आहार के बारे में परामर्श दिया था?		
आशा द्वारा प्रसूता महिलाओं/नवजात शिशुओं एवं बीमार नवजात शिशुओं के गृह भ्रमण के दौरान नवजात देखभाल की प्राथमिकताओं का मूल्यांकन			
1	क्या आशा ने मां से इस बारे में पूछताछ की थी कि वह कितनी बार पूरा आहार ले रही है?		
2	क्या आशा ने प्रसूता मां से प्रसवोपरांत अवधि के खतरे के संकेतों के बारे में पूछा था?		
3	क्या आशा ने मां/परिजनों द्वारा बच्चे को संभालते समय उनकी स्वच्छता संबंधी आदतों के बारे में पूछा था/ध्यान से देखा था?		
4	क्या आशा ने शिशु को स्तनपान कराने संबंधी व्यवहार और स्तनपान से जुड़ी किसी समस्या के बारे में पूछा था?		
5	क्या आशा ने बच्चे का परीक्षण करने से पहले अपने हाथ धाोए थे?		
6	क्या नवजात शिशु को बीसीजी और पोलयो दवा की खुराक (जीरो डोज) दी गई थी?		

क्रम सं.	मापदंड	मूल्यांकन हां/नहीं/ आंशिक	टिप्पणी
7	क्या आशा ने नवजात का वजन माप कर उसे दर्ज किया था?		
8	क्या आशा ने नवजात का तापमान माप कर उसे दर्ज किया था?		
9	क्या आशा ने निम्नलिखित के सही तरीके को करके दिखाया था: i स्तनपान कराने की सही स्थिति ii हाथ धोने का तरीका ii बच्चे को कपड़े में लपेटना		
10	क्या आशा ने बच्चे में बीमारी के किसी लक्षण या सेप्सिस होने का परीक्षण किया था?		
11	सेप्सिस के मामले में क्या आशा ने सही तरीके से कोट्राइमाक्साजोल दिया था और उपचार के लिए रेफर किया था? (दवाओं की सही खुराक के लिए आशा मॉड्यूल 7 का अनुलग्नक 6 देखें)		
12	यदि नवजात अधिक जोखिम वाला बच्चा है, तो बच्चे की किसी असामान्य स्थिति में आशा ने क्या कार्रवाई की थी? (अधिाक जोखिम वाले बच्चे के मामले में आशा द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों के लिए अनुलग्नक 10 देखें।)		
13	क्या आशा ने सामान्य नवजात के मामले में गृह भ्रमण प्रपत्र (फार्म) के सभी बिंदुओं के बारे में पूछताछ की थी? (अपने संदर्भ के लिए अनुलग्नक 9 एवं अनुलग्नक 10 देखें।)		
14	क्या आशा, सामान्य नवजात शिशु एवं अधिक जोखिम वाले शिशु के मामलों में निर्देशानुसार गृह भ्रमण कर रही थी? (सामान्य नवजात लिए संस्थागत प्रसव के मामले में 6 दौरे एवं घर पर प्रसव के मामले में 7 दौरे, तथा अधिक जोखिम वाले शिशु के मामले में 13 दौरे)		
15	क्या आशा ने परिजनों को दस्त (डायरिया), न्यूमोनिया और सेप्सिस के खतरे के लक्षणों के बारे में स्पष्ट तरीके से बताया है?		
16	क्या परिजनों/मां को पता है कि दस्त (डायरिया), न्यूमोनिया और सेप्सिस होने पर क्या करना चाहिए?		
कुपोषित बच्चे के गृह-भ्रमण के दौरान कुपोषण की पहचान करने और समुचित कार्रवाई करने का मूल्यांकन			
1	क्या आशा ने बच्चे को स्तनपान कराने/आहार देने संबंधी परिवार के व्यवहार के बारे में पूछताछ की थी?		
2	क्या आशा ने पूरक आहार देने, और कोई बीमारी होने पर भी स्तनपान कराना/आहार देना जारी रखने के बारे में परामर्श दिया था?		
3	क्या आशा ने मां को किसी भी बीमारी से बचाव के उपाय करने के बारे में परामर्श दिया था?		
4	क्या आशा ने यह सुनिश्चित किया था कि बच्चे का पंजीकरण आंगनवाड़ी केंद्र में करा दिया गया है और उसे समुचित पूरक पोषाहार मिल रहा है?		
5	क्या आशा ने बच्चे का वजन किया था और उसे वृद्धि निगरानी चार्ट में दर्ज किया था? (बच्चे की स्थिति और प्रगति जानने के लिए)		
6	क्या आशा ने एनीमिया के लक्षणों की पहचान के लिए बच्चे का परीक्षण किया था? एनीमिया पाए जाने पर क्या आशा ने उस बच्चे को बच्चों को दिए जाने वाली आयरन की खुराक दी थी?		

क्रम सं.	मापदंड	मूल्यांकन हां/नहीं/ आंशिक	टिप्पणी
7	बच्चे में समान्य/गंभीर कुपोषण और/या एनीमिया पाए जाने पर क्या आशा ने बच्चे को अल्बन्डाजोल की सही खुराक दी थी? (आशा मॉड्यूल 7 का अनुलग्नक 6 देखें)		
8	क्या आशा ने समान्य/गंभीर कुपोषण वाले बच्चे को रेफर किया था?		
बीमार बच्चे के गृह-भ्रमण के दौरान खतरे के लक्षणों की पहचान और समुचित कार्रवाई करने का मूल्यांकन			
1	क्या आशा ने बच्चे के बीमारी के लक्षणों के बारे में पूछताछ की थी?		
2	क्या आशा अपने परीक्षण के आधार पर बीमारी की गंभीरता का आकलन कर सकी थी और बच्चे की स्थिति के अनुसार यथोचित उपाय कर पाई थी?		
3	बच्चे को श्वांस संबंधी गंभीर संक्रमण की स्थिति में क्या आशा बच्चे को को-ट्राइमॉक्साजोल की सही खुराकें दी थीं? क्या आशा ने बच्चे को रेफर किया था? (आशा मॉड्यूल 7 का अनुलग्नक 6 देखें)		
4	बच्चे को दस्त होने पर क्या आशा ने परिजनों को ओआरएस पैकेट से घोल तैयार करने के तरीके के साथ-साथ घरेलू ओआरएस बनाने के बारे में भी बताया था?		
5	दस्त के मामलों में क्या आशा ने परिजनों को ओआरएस की सही मात्र एवं उसे देने की आवृत्ति (कब-कब देना है) के बारे में बताया था?		
6	क्या आशा ने परिवार को बीमारी के दौरान स्तनपान कराने/आहार देने संबंधी व्यवहार के बारे में परामर्श दिया था?		
